2021-22 रबी विपणन वर्ष में दालों की सरकारी ख़रीद में भारी गिरावट

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने बताया है कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) के आँकड़ों के अनुसार, 2021-22 रबी विपणन मौसम के दौरान देश में पिछले साल के मुकाबले दालों की सरकारी ख़रीद में 70 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है। सी ए सी पी ने कहा है कि नेफेड से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, 30 जून, 2021 तक केवल 6,27,500 मेट्रिक टन दालों की खरीद की गई जो कि 2020-21 रबी विपणन मौसम में 21,43,300 मेट्रिक टन थी।

सी ए सी पी ने अपनी 'रबी फ़सलों की मूल्य नीतिः 2022-23 विपणन मौसम' में बताया की पिछले विपणन मौसम यानी 2020-21 में औसत बाज़ार भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) से करीब 10 प्रतिशत नीचे रहने के कारण चने की सरकारी ख़रीद में भारी वृद्धि हुई। 2020-21 रबी विपणन मौसम में चने की कुल सरकारी ख़रीद 21 लाख मेट्रिक टन से अधिक थी जो कि देश में फ़सल के कुल उत्पादन का 19.3 प्रतिशत थी।

आयोग ने कहा कि मौजूदा रबी विपणन मौसम यानी 2021-22 में बाज़ार में बढ़ते भाव के रुझान के चलते चने की सरकारी ख़रीद फ़सल की कुल पैदावार का 5 प्रतिशत रह गई। कुल उत्पादन में खरीद का हिस्सा राजस्थान में 0.6 प्रतिशत से लेकर गुजरात में 11.6 प्रतिशत तक था, जिसमें अखिल भारतीय औसत लगभग 5 प्रतिशत थी, जो उत्पादन के 25 प्रतिशत की मौजूदा ख़रीद सीमा से बहुत कम है।

पिछले तीन मौसमों के दौरान कम मात्रा में मसूर की ख़रीद की गई है। नेफेड के मुताबिक देश में 30 जून 2021 तक सिर्फ 20 मेट्रिक टन मसूर की ख़रीद हुई है, जबकि 2020-21 रबी विपणन मौसम में यह 1,400 मेट्रिक टन थी।

सी ए सी पी के अनुसार, देश में दालों का उत्पादन पिछले दो वर्षों में लगातार बढ़कर 2020-21 में लगभग 11 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 255.8 लाख मेट्रिक टन के कीर्तिमान स्तर पर पहुंच गया है। रबी दलहनों में, चने के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 2020-21 में लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि मसूर उत्पादन में भी वैसा ही उछाल (14.6 प्रतिशत) दिखने की उम्मीद है।

सी ए सी पी ने कहा कि चना उत्पादन में वृद्धि मुख्य रूप से मध्य प्रदेश और राजस्थान में अधिक पैदावार के कारण हुई है। “2021-22 रबी विपणन मौसम के दौरान गुजरात ने चने के उत्पादन में 102 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई। भारत में कुल मसूर उत्पादन में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश प्रमुख उत्पादक बना हुआ है,” आयोग ने कहा।

आयोग ने कहा कि भारत में दालों की आपूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उत्पादन व घाटे और अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर आयात की मात्रा द्वारा संचालित होती है। 2020-21 में दालों का आयात लगभग 25 लाख मेट्रिक टन है, जो पिछले वर्ष के 29 लाख मेट्रिक टन के आयात से 15 प्रतिशत कम है।

भंडारण के मामले में, हाल के विपणन सत्रों में दालों की कम ख़रीद के कारण, 2020-21 में दालों की उपलब्धता घटकर 6.3 लाख मेट्रिक टन हो गई है।

प्रमुख उत्पादक राज्यों में चना और मसूर की खरीद (मेट्रिक टन में)

फ़सल	राज्य	2019-20 रबी विपणन मौसम	2020-21 रबी विपणन मौसम	* 2020-21 रबी विपणन मौसम
चना	तेलंगाना	34,500 (21.1%)	47,600 (23.9%)	16,700 (7.1%)
	राजस्थान	1,20,400 (6.5%)	6,15,700 (23.2%)	17,500 (0.6%)
	महाराष्ट्र	22,350 (1.6%)	3,70,700 (16.6%)	2,19,000 (9.3)
	आंध्र प्रदेश	3,500 (1.4%)	1,27,900 (22.9%)	10,100 (1.8%)
	मध्य प्रदेश	5,76,800 (14.4%)	7,06,300 (25.9%)	1,93,700 (6.5%)
	गुजरात	17,900 (7.6%)	1,24,000 (19.5%)	1,48,400 (11.6)
	हरियाणा	200 (0.3%)	10,600 (22.5%)	0

	उत्तर प्रदेश	700 (0.1%)	38,500 (4.5%)	0
	कर्नाटक	30 (0%)	1,01,800 (15.1%)	22,000 (3.5%)
	कुल भारत	7,76,400 (7.8%)	21,43,300 (19.3%)	6,27,500 (5%)
मसूर	मध्य प्रदेश	56,100 (17%)	1,400 (0.5%)	20 (0%)
	उत्तर प्रदेश	200 (0%)	0	0
	कुल भारत	56,200 (4.6%)	1,400 (0.1%)	20 (0%)

[नोट: * 30 जून, 2021 को

कोष्ठक में दिए गए आँकड़े प्रतिशत में राज्य में कुल उत्पादन की ख़रीद को दरसातें हैं।

स्रोत: भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड)]

भारत में दालों की घरेलू आपूर्ति की स्थिति (लाख टन में)

ब्यौरा	2018-19	2019-20	2020-21
उत्पादन	220.8	230.3	255.8
आयात	25.7	29.4	25
निर्यात	2.9	2.3	2.9
भंडार	21.9*	22.3	6.3$

[नोट: * 1 अप्रैल, 2019 को, $ 31 मार्च, 2021 को

स्रोत:1) डी जी सी आई एस के निर्यात और आयात आँकड़ों से, 2) नेफेड के भंडार आँकड़ों से, 3) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय द्वारा उत्पादन के आँकड़ों सें]

2022-23 रबी विपणन मौसम के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी)

फ़सल	2022-23 (रुपए/क्विंटल)	2021-22 के लिए एम एस पी (रुपए/क्विंटल)	बढ़ोतरी (रुपए/क्विंटल)	बढ़ोतरी प्रतिशत में
चना	5,230	5,100	130	3%
मसूर	5,500	5,100	400	8%